पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राजभवन में उत्साह और उमंग के साथ बच्चों ने मनाया राज्यपाल का जन्मदिन

लखनऊ : 21 नवम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी का जन्मदिन आज यहाँ राजभवन में बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ मनाया। राजभवन में लखनऊ के प्रागनारायण रोड स्थित राजकीय बालगृह शिशु से आए बच्चों के साथ यहाँ अध्यासित बच्चों ने राज्यपाल जी के जन्मदिन पर केक के आकार में भारतीय परम्परागत तरीके से बनी 'सुखड़ी' को काटकर और दीप जलाकर राज्यपाल जी के स्वस्थ जीवन की कामना के साथ उनकी छत्र–छाया और आर्शीवाद की शुभेच्छा की। राजभवन में ही स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में भी बच्चों ने केक काटकर राज्यपाल जी का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर बच्चों ने जन्मदिन मनाने सम्बन्धी गीत तथा राज्यपाल जी के लिए स्वागत गान भी प्रस्तुत किया। राजभवन में बच्चों के मनोरंजन के लिए विविध प्रकार के इनडोर गेम, ज्ञानवर्द्धक मनोरंजक क्विज भी आयोजित की गयी। अति उत्साही बच्चे अपनी बारी की प्रतीक्षा किए बगैर ही प्रश्नों का उत्तर देते नजर आए। शिशु बाल गृह से आए छोटे–छोटे बच्चों ने प्रदेश की राज्यपाल जी के सम्बन्धी प्रश्न पर आश्चर्यजनक रूप से समस्त गरिमा के साथ राज्यपाल जी का उल्लेख किया। वहीं राजभवन में

अध्यासित बच्चों ने राज्यपाल जी को बतौर नानी स्मरण कर उद्गार व्यक्त किए। यहाँ बताते चलें कि राज्यपाल जी इस समय राजस्थान प्रवास पर हैं। बच्चों ने आज उनके जन्मदिन के अवसर पर उनसे अपना गहरा लगाव भी व्यक्त किया। बालगृह से आए बच्चों ने इस अवसर पर वेस्ट मैटेरियल से निर्मित सजावटी उपहार और बधाई कार्ड भी भेंट किए।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी बच्चों को राजभवन कर्मियों ने उपहार स्वरूप पुस्तकें, पेंसिल बाक्स, सिपर के साथ–साथ वूलेन कैप भी भेंट की। सभी बच्चों ने राजभवन की वाटिकाओं और पंचतंत्र का भ्रमण किया तथा जलपान भी ग्रहण किया।

इस अवसर पर बच्चों के साथ राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, राजकीय बालगृह शिशु से आए बच्चे, राजभवन में अध्यासित परिवारों के बच्चे तथा अन्य उपस्थित थे।

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361

21.11.2023
शुभकामनाएं

21 नवम्बर, 2023
उत्तर प्रदेश के माननीया राज्यपाल